# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, नवगछिया

पत्रांक 3098 3/PLO नवगछिया दिनांक :– 13 / 12 / 2021

**प्रेषक,**

**कार्यपालक अभियन्ता,**
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नवगछिया।

**सेवा में,**

**नोडल पदाधिकारी,**
State MIS, BRRDA,
पटना

**विषयः**–State MIS में PMGSY-II के Road का नाम प्रविष्ट करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि PMGSY-II योजना आन्तर्गत State MIS में Road का नाम प्रविष्ट करने हेतु विहित प्रपत्र में तैयार कर आपके आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित किया जाता है ।

**अनु०ः**– प्रपत्र संलग्न एवं प्रशासनिक स्वीकृति का पत्र।

**विश्वासभाजन**
13/12/21

कार्यपालक अभियन्ता
13/12/21 ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, नवगछिया।

NAME OF DISTRICT-Bhagalpur NAME OF DIVISION Navgachhiya

| Sl No | Block | Name of Habitation | Name of Road | Length (In K.M) | A.A. Amount ( In Lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rangra Chowk | Dumaria | MRL01-PWD Dumariya Path To Tintanga Bishari Sthan | 4.930 | 280.970 | |

13/12/2021

**EXECUTIVE ENGINEER**
**RWD(W) Division**
**Navgachhiya**

13/12/21

ई–मेल / विभागी
य वेबसाईट /
साधारणडाक से

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–BRRDA(HQ)-PMGSY-1661/2019 – 5562 / पटना, दिनांक– 23.11.2019

प्रेषक,

संजय दूबे, भा0प्र0से0
अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

**विषय** :प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–।। के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में संलग्न सूची के अनुसार पथ निर्माण की कुल 243 अदद योजनाओं एवं पुल निर्माण के कुल 06 अदद योजनाओं के लिये स्तम्भ–6 में अंकित लंबाई (कि0मी0 / मी0) एवं स्तम्भ–11 में निर्माण तथा अनुरक्षण सहित अंकित राशि के उन्नयन / चौड़ीकरण / सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिये जिनकी **सम्मलित राशि रू0 598.0663 करोड़ रूपये (पाँच अरब अन्ठानवे करोड़ छः लाख तिरसठ हजार रूपये) मात्र है**, पर योजनावार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के 34 जिलों यथा अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, बक्सर, छपरा(सारण), दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गया, गोपालगंज, जहानाबाद, जमुई, कैमूर(भभुआ), कटिहार, किशनगंज, खगड़िया, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालन्दा, नवादा, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, वैशाली एवं पश्चिम चम्पारण जिलों में राज्य को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–।। के अन्तर्गत पथों एवं पुलों के लिए समर्पित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–P-17024/4/(3)/2018-RC दिनांक–11.11.2019 के द्वारा कुल 347 पथों जिनकी लम्बाई 2465.38 कि0मी0 तथा प्राक्कलित राशि रू0 1381.77 करोड़ एवं 06 पुलों जिनकी लम्बाई 266.54 मी0 तथा प्राक्कलित राशि रू0 14.06 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कुल स्वीकृत राशि रू0 1395.83 करोड़ जिसमें राज्यांश की राशि रू0 558.36 करोड़ है।

इनमें से 0–5.00 करोड़ की योजनाओं पर स्तम्भ–11 में अंकित राशि के निर्माण हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिये निर्माण तथा अनुरक्षण हेतु क्रमशः राशि रू0 542.4042 करोड़ रूपये तथा रू0 55.6621 करोड़ रूपये जिनकी कुल राशि **रू0 598.0663 करोड़ रूपये**

14/11/19 Sr. ... M.O ...mury

23/11/19

(पाँच अरब अन्ठानवे करोड़ छः लाख तिरसठ हजार रूपये) मात्र है, पर निम्न योजनाओं के लिए विधिवत् योजनावार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है:–

PMGSY-II 2019-20 (Batch-1) 00-05.00 Cr. Roads and Bridges.

| Sl. No. | District | Block | Package Number | Road Name | Pavement Length (in Kms.) | Mord Share Cost (in Lakhs) | Total State Share (in Lakhs) | Total Construction Cost (in Lakhs) | Maintenance Cost (in Lakhs) | Total Cost (in Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | RRP-II AF | | | | | | |
| 1 | Arwal | Arwal | BR38P2 R001 | L058-Patna Aurangabad to Bahadurapur | 4.05 | 72.83 | 48.56 | 121.39 | 44.28 | 165.67 |
| 2 | Aurangabad | Barun | BR02P2 R-01 | MRL04-KATEYA To MAKHRA | 2.20 | 78.33 | 52.22 | 130.55 | 7.33 | 137.88 |
| 3 | Aurangabad | Goh | BR02P2 R-02 | L036-GOH GAYA ROAD T02 TO DAUDPUR | 6.46 | 237.94 | 158.63 | 396.57 | 22.34 | 418.91 |
| 4 | Aurangabad | Obra | BR02P2 R-04 | L047-T04 TO KADIAHI KHURD | 5.17 | 153.82 | 102.54 | 256.36 | 22.5 | 278.86 |
| 5 | Banka | Amarpur | BR03P2 R-01 | MRL01-Mahadeopur to Kashba via Ranikitta to Pranathpur | 9.05 | 238.52 | 159.01 | 397.53 | 37.88 | 435.41 |
| 6 | Banka | Barahat | BR03P2 R-02 | MRL01-Bgp -dumka rd to bhurna | 6.95 | 157.51 | 105.01 | 262.52 | 33.25 | 295.77 |
| 7 | Begusarai | Bakhri | BR04P2 R-01 | MRL01-BAKHRI T02 TO NISHARA (VR4) | 3.80 | 102.4 | 68.26 | 170.66 | 17.49 | 188.15 |
| 8 | Begusarai | Baliya | BR04P2 R-02 | MRL01-NH31 INIAR DHALA TO RAHATPUR (VR7) | 2.47 | 67.47 | 44.98 | 112.45 | 13.14 | 125.59 |
| 9 | Begusarai | Begusarai | BR04P2 R-03 | MRL01-T01 TO BANBADA (TRACK5) | 5.49 | 135.48 | 90.32 | 225.8 | 29.75 | 255.55 |
| 10 | Begusarai | Cheriabariarpur | BR04P2 R-07 | MRL01-Begusarai -Rosera To Aure East | 4.60 | 119.85 | 79.9 | 199.75 | 23.3 | 223.05 |
| 11 | Begusarai | Cheriabariarpur | BR04P2 R-08 | MRL02-Skarbasa SripurTO KUMBHI (ODR22) | 6.81 | 222 | 148 | 370 | 25.68 | 395.68 |
| 12 | Begusarai | Garhpura | BR04P2 R-09 | MRL01-RAJAUR POKHAR TO KUWARTOLI VIA KARIAWAN | 3.49 | 89.66 | 59.77 | 149.43 | 15.79 | 165.22 |
| 13 | Begusarai | Khodwantpur | BR04P2 R-10 | MRL01-T02 TO DAULAT PUR KOTHI (VR9) Chowk Salauna to Jana | 5.02 | 131.49 | 87.66 | 219.15 | 21.11 | 240.26 |
| 14 | Begusarai | Sahebpur Kamal | BR04P2 R-11 | MRL01-L021 TO RAHUA BABHAN TOLA | 5.88 | 142.33 | 94.89 | 237.22 | 34.56 | 271.78 |
| 15 | Begusarai | Sahebpur Kamal | BR04P2 R-12 | MRL02-RAILWAY CROSSING NAYATOLA TO CHOKI | 4.86 | 117.88 | 78.59 | 196.47 | 21.68 | 218.15 |
| 16 | Bhagalpur | Rengra Chowk | BR06P2 R-02 | MRL01-PWD Dumariya Path To Tintanga Bishari Sthan | 4.93 | 159.32 | 106.21 | 265.53 | 15.44 | 280.97 |
| 17 | Bhagalpur | Shahkund | BR06P2 R-03 | MRL02-KASBA KHERHI TO BELTHOO | 6.70 | 166.97 | 111.32 | 278.29 | 19.09 | 297.38 |
| 18 | Bhojpur | Tarari | BR07P2 R-02 | MRL02-Kurmuri to Tarari | 8.83 | 219.73 | 146.48 | 366.21 | 40.49 | 406.7 |
| 19 | Chapra (Saran) | Amnaur | BR09P2 R-01 | T06-Repura to Korea | 8.75 | 181.88 | 121.25 | 303.13 | 38.94 | 342.07 |
| 20 | Chapra (Saran) | Amnaur | BR09P2 R-02 | T01-Molanpur Dudha Kendra to Amarpur Paiga Bazar | 3.30 | 85.91 | 57.28 | 143.19 | 13.04 | 156.23 |
| 21 | Chapra (Saran) | Amnaur | BR09P2 R-03 | L076-Arna Khothi to Pojhi | 7.09 | 146.3 | 97.53 | 243.83 | 32.18 | 276.01 |

23/11/19

इनमें से 0–5.00 करोड के कुल 243 पथों लम्बाई 1151.92 कि0मी0 अनुरक्षण सहित कुल प्राक्कलित राशि रू0 583.9396 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमें राज्यांश की राशि क्रमशः 211.3473 करोड़ रूपये की राशि होगी जो PMGSY (राज्यांश) मद के लिये राज्य बजट से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी तथा अनुरक्षण की राशि रू0 55.5973 करोड़ रूपये होगी जो गैर योजना बजट 3054 से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी एवं कुल 06 पुलों लम्बाई 266.54 मी0 अनुरक्षण सहित कुल प्राक्कलित राशि रू0 14.1267 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमें राज्यांश की राशि क्रमशः 05.6248 करोड़ रूपये की राशि होगी जो PMGSY (राज्यांश) मद के लिये राज्य बजट से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी तथा अनुरक्षण की राशि रू0 06.48 लाख रूपये होगी जो गैर योजना बजट 3054 से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी। विभाग के लिए शीर्ष 3054 के तहत प्रावधानित बजटीय उपबंध से अनुरक्षण कार्य के लिए कर्णांकित राशि से वहन किया जायेगा। यहाँ यह उल्लेखनिय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–।। के वर्ष 2019–20 (Batch-1) के अन्तर्गत Programme fund से कार्यान्वित की जाने वाली इन योजनाओं के लिए अनुरक्षण हेतु निर्धारित अवधि 05 साल है।

3. ग्रामीण कार्य विभाग के संबंधित कार्य प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता इस योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार मानक निविदा अभिलेख पर e-tendering पद्धति से निविदा के माध्यम से कराया जायेगा।

4 योजना के कार्यान्वयन से पूर्व इस पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

5 यह एक केन्द्रीय योजना है जिसका कार्यान्वयन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–।। के दिशा–निर्देश के आलोक में किया जाना है। पथ निर्माण के लिये मूल स्वीकृत राशि का 60 प्रतिशत का वहन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एवं 40 प्रतिशत बिहार सरकार द्वारा PMGSY के लिए निर्धारित Matching State Share के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकार के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दर पुनरीक्षण के कारण लगने वाली अधिकाई राशि का वहन भी विभाग के योजना बजटशीर्ष–4515 नई सड़कें एवं पुल मद में PMGSY (राज्यांश) मद में प्राप्त हाने वाली राशि से किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में PMGSY योजनान्तर्गत प्रोग्राम फंड के केन्द्रांश मद के लिए रू0 4086.66 करोड़ एवं राज्यांश मद के लिए रू0 1200.00 करोड़ का बजट निर्धारित है। कुल रू0 3511.83 करोड़ वर्त्तमान में उपलब्ध है, का प्रयोग योजना के प्रशासनिक स्वीकृति के कारण उत्पन्न दायित्व के व्यय के लिए किया जायेगा।

6 वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758/वि0, दिनांक–31.05.2017 के प्रावधानित बिन्दुओं तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में राशि व्यय किया जाना अपेक्षित है।

7 प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

8 योजना के कार्यान्वयन के क्रम में कार्यान्वयन अंतराल पर निर्धारित निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा। यह संबंधित कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा कि निरीक्षण विवरणी विहित प्रपत्र में निर्धारित चरणवार अभिलेखबद्ध किया जायेगा तथा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

23/11/19

9 संबधित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग विहित प्रपत्रों एवं अन्तराल पर योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

10 इस योजना के लिए सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग के संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-1661/2019 के पृ0–27/टि0 पर दिनांक–15.11.19. को प्राप्त है।

11 यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–4–45/94–301वि (2), दिनांक–31.01.1995, वित्त विभाग के पत्रांक स्कीम (8)–11–2005–5090 वि (2), दिनांक–15.09.2005, वित्त विभाग के पत्रांक एम–4–53/2007--3758 वि०, दिनांक–31.05.2017, के प्रावधानों एवे वित्त नियामावली, खण्ड–1 के नियम 8 के दृष्टिपथ में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है तथा ग्रामीण कार्य विभाग के संकल्प संख्या–मु०अ०–4–PMGSY-5-17/09-4168, दिनांक–22.06.09 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-1661/2019 पृ0–28/टि0 पर दिनांक–20.11.19. को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

23/11/19

(संजय दूबे)

अपर सचिव

ज्ञापांक : BRRDA(HQ)-PMGSY-1661/2019-5562 /पटना, दिनांक– 23.11.2019

प्रतिलिपि : सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/11/19

अपर सचिव

ज्ञापांक : BRRDA(HQ)-PMGSY-1661/2019-5562 /पटना, दिनांक– 23.11.2019

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रा0 का० वि०, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रा0 का0 वि0/अभियंता प्रमुख के सचिव (प्रा0), ग्रा0 का0 वि0/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, ग्रा0 का0 वि0, कार्य अंचल/सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रा0 का0 वि0 कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/11/19

अपर सचिव

14/11/2019

SE-MM-M.O

PMGSY